केवल कार्यालय प्रयोग हेतु

सत्यमेव जयते

बिहार सरकार

# बिहार प्रशासनिक सेवा

## सिविल लिस्ट –2023

( 1 जनवरी 2023 के आधार पर)

# सामान्य प्रशासन विभाग



बिहार सरकार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों की सिविल लिस्ट–2023 का प्रकाशन किया जा रहा है।

आशा है कि सिविल लिस्ट–2023 में संकलित अद्यतन सूचनाओं से न केवल बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पदाधिकारी लाभान्वित होंगे अपितु इससे कार्यों के निष्पादन में भी सुगमता होगी ।

मैं इस कार्य के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के सभी पदाधिकारियों / कर्मियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ ।

**( नीतीश कुमार )**



बिहार सरकार

**आमिर सुबहानी**
मुख्य सचिव, बिहार

## संदेश

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सिविल लिस्ट–2023 का प्रकाशन किया जा रहा है।

सिविल लिस्ट–2023 में पदाधिकारियों की व्यक्तिगत सूचनाओं के साथ–साथ उनका ई–मेल आई०डी०, अद्यतन मोबाईल नम्बर तथा फोटो भी प्रकाशित किया जा रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है।

इसके लिए मैं सामान्य प्रशासन विभाग के संबंधित कर्मियों / पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ।

(आमिर सुबहानी)
4.1.2023



बिहार सरकार


**डा० बी० राजेन्दर**

प्रधान सचिव
सामान्य प्रशासन विभाग
बिहार, पटना ।


# प्रस्तावना

बिहार राज्य के असैनिक प्रशासन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के बाद बिहार प्रशासनिक सेवा सबसे महत्वपूर्ण सेवा है। फलतः बिहार प्रशासनिक सेवा के सदस्यों से संबंधित अधिकृत सूचनाओं को संकलित कर प्रकाशित किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बिहार प्रशासनिक सेवा के सिविल लिस्ट का प्रकाशन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर किया जाता रहा है। इस क्रम में वर्ष 2019 में दिनांक-01.12.2019 की स्थिति के आधार पर बिहार प्रशासनिक सेवा के विगत सिविल लिस्ट का प्रकाशन किया गया था।

वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में बिहार प्रशासनिक सेवा के सिविल लिस्ट में की गयी प्रविष्टियों को अद्यतन करते हुए वर्ष 2019 के बाद इस सेवा में नियुक्त पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं को भी सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता महसूस की गयी। इस क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि पदाधिकारियों की व्यक्तिगत सूचनाओं के साथ-साथ उनका ई-मेल आई०डी०, उनका अद्यतन मोबाईल नम्बर तथा फोटो भी सिविल लिस्ट में प्रकाशित किया जाय।

उक्त वर्णित उद्देश्य की पूर्ति हेतु दिनांक-01.01.2023 की स्थिति के आधार पर सिविल लिस्ट प्रकाशित करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र संख्या-21233, दिनांक-30.11.2022 द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के औपबंधिक सिविल लिस्ट का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट **(https://state.bihar.gov.in/gad/CitizenHome.html)** पर करते हुए आपत्तियों की मांग की गयी।

बिहार प्रशासनिक सेवा के सदस्यों से प्राप्त सूचनाओं / आपत्तियों के आलोक में दिनांक- 01.01.2023 की स्थिति के आधार पर इस सेवा के सदस्यों के सिविल लिस्ट-2023 को अंतिम रूप से प्रकाशित किया जा रहा है।

सिविल लिस्ट के निर्माण में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों को उनके भगीरथ प्रयास के लिये मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

BRajendar
3.1.2023

**( डा० बी० राजेन्दर )**